गोष्ठीः बागेश्वर में विश्व मानसिक विकलांग दिवस के मौके पर गोष्ठी में उपस्थित डीएम शैलेश बगौली एवं अन्य।

## विक्षिप्तों की हो स्थायी व्यवस्था

# मानसिक रोगियों को मिले योजनाओं का लाभ

**आयोजन**

**जिले में मानसिक रोगियों के इलाज की होगी व्यवस्था**

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुई गोष्ठी**

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज ने कहा कि मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने में सभी को सहयोग को करना होगा।

बार भवन में आयोजित गोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला जज श्री कक्कड़ ने कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम सिर्फ गोष्ठियों तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी को आगे आना होगा। जिलाधिकारी शैलेश बगौली ने सुझाव दिया कि शहर में जो विक्षिप्त लोग हैं उनकी स्थाई व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिले में मानसिक रोगियों के लिए नर्सिंग होम बनाने की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि मानसिक रोगियों को उपचार से भी ज्यादा सेवा की आवश्यकता है। बीमारों का समुचित इलाज कराने के लिए हर जिले में व्यवस्था होनी चाहिए। जिले की इस समस्या को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट राजेश रौतेला ने जिला जज श्री कक्कड़ को फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया।

गोष्ठी में सीएमओ कल्याण सिंह, जिला बार के अध्यक्ष कुंदन धपोला, प्रेम सिंह, गोविंद सिंह भंडारी, गोविंद बल्लभ उपाध्याय, गणेश कांडपाल, खड़क सिंह आदि मौजूद थे। संचालन बार के सचिव रमेश सनवाल ने किया।